दिनांक : 08/03/2026 समय :2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–विकास परियोजनाएं–दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयां देते हुए 15,200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यह परियोजनाएं जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन पुनर्विकास योजना के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि आज का दिन दिल्लीवासियों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने 6,500 नए आवासों की आधारशिला रखने के साथ ही दिल्ली मेट्रो की तीन नई लाइनों का भी शुभारंभ और शिलान्यास किया है।

राष्ट्रपति – महिला दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के साथ नेतृत्व कर रही है। इससे समृद्ध समाज सशक्त हो रहा है। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराने का आग्रह किया, जहां प्रत्येक महिला को गरिमा, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ समान अवसर प्राप्त हों।

प्रधानमंत्री – महिला दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर संदेश में श्री मोदी ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति के साथ–साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में दृढ़ संकल्प, रचनात्मकता और अद्वितीय उत्साह के साथ देश की प्रगति को आकार दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उपलब्धियां राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सरकार के सामूहिक संकल्प को शक्ति देती हैं।

मुख्यमंत्री–रंगपंचमी/महिला दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। महिला दिवस पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने देश, समाज और परिवार की प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए मातृशक्ति को नमन किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश की महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करेंगी। साथ ही, रंगपंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रंगों का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने नागरिकों से आपसी सद्भाव और उत्साह के साथ रंगोत्सव मनाने की अपील की है।

रंगपंचमी–प्रदेश

प्रदेश में आज रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित 'श्री कृष्ण–सुदामा रंग उत्सव' गेर में सम्मिलित होकर नागरिकों को बधाई दी। इंदौर के राजवाड़ा पर ऐतिहासिक गेर का आयोजन किया गया। राजधानी भोपाल में भी इंदौर की तर्ज पर चल समारोह निकाला जा रहा है।

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच 7 बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

मौसम

प्रदेश में मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। राजस्थान से आ रही शुष्क और रेगिस्तानी हवाओं के कारण मार्च के पहले सप्ताह में ही प्रदेश के तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। रतलाम 38.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सर्वाधिक गर्म स्थान रहा, वहीं मालवा और निमाड़ अंचल में पारा 38 डिग्री के पार पहुँच गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तापमान में 4 डिग्री की और बढ़ोत्तरी की चेतावनी दी है। रंगपंचमी के अवसर पर आज भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित अधिकांश हिस्सों में तीव्र तपन बनी रहेगी।

समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। साथ ही मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।
- भारतीय डाक विभाग द्वारा आगरमालवा में शुरू की गई पार्सल पिकअप और बुकिंग सेवा की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए कल शहर में जागरूकता रैली निकाली गई।

————————————